TC- MPBIL02560

साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट
संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974826006, 8643056464
9575154444

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-[redacted] 180 | उज्जैन, गुरुवार 04 सितम्बर 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-6

# भारी बारिश से उफान पर यमुना नोएडा-गाजियाबाद में स्कूल बंद दिल्ली में नाले का तटबंध टूटा

**बारिश के चलते गाजियाबाद-गौतमबुद्धनगर में आज बंद रहे स्कूल** गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया। जिलों के सभी स्कूल 3 सितंबर 2025 को बंद रहे।

**दिल्ली के यमुना बाजार के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया** यमुना नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण यमुना बाजार में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। एनडीआरएफ कमांडेंट ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। हमारी टीमें कल रात से ही यहां तैनात हैं। 14-18 टीमें स्टैंडबाय पर हैं। जबकि चार टीमें अलग-अलग जगह पर तैनात हैं।

**हापुड़ में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का सेना के जवानों ने किया निरीक्षण** पहाड़ों पर हो रही बारिश से एक बार फिर से हापुड़ के खादर क्षेत्र के गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। हालात पर काबू पाने के लिए बुधवार को मेरठ कैंट से आए सेना के अधिकारियों



ने बाढ़ ग्रस्त गांवों का निरीक्षण किया। एसडीएम की मौजूदगी में ग्रामीणों को बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान सेना के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि किसी भी विषम परिस्थितियों में सेना ग्रामीणों के सहयोग के लिए तैयार रहेगी।

**हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद गाजियाबाद में हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ा** हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन का कहना है कि अभी तक स्थिति नियंत्रण में है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने से आसपास के गांव विहिग, सुराना, नेक, भदौली सुठारी के लोगों में दहशत बनी है द्य

**मंगेशपुर नाले का तटबंध टूटा, कई इलाकों में 5 फीट तक भरा पानी** बुधवार शाम को बहादुरगढ़, हरियाणा में मंगेशपुर नाले का 50 फीट ऊंचा तटबंध टूट गया, जिससे दिल्ली के बाबा हरिदास नगर, झाड़ौदा कलां, थाना गीतांजलि एन्क्लेव के सीमावर्ती निचले इलाके में लगभग पांच फीट पानी भर गया। रात भर चले अभियान में, लोगों को सुरक्षित रूप से (बिना किसी जान-माल के) बाहर निकाला गया और झाड़ौदा कलां के सरकारी स्कूलों में ठहराया गया।एनडीआरएफ, आपदा प्रबंधन दल आदि जैसी एजेंसियों के समन्वय से आगे की निकासी जारी है।

## थाईलैंड में और गहराया सियासी संकट, सत्ताधारी पार्टी ने नए चुनाव की मांग की

थाईलैंड में राजनीतिक संकट और गहराता जा रहा है। देश पिछले हफ्ते से कार्यवाहक सरकार के तहत चल रहा है। बुधवार को इस संकट को सुलझाने के लिए दो अलग-अलग कदम उठे। सत्ताधारी फ्यू थाई पार्टी, जो फिलहाल कार्यवाहक सरकार चला रही है, ने संसद भंग करने और नए चुनाव कराने के लिए राजा से अनुरोध किया है। वहीं, मुख्य विपक्षी पीपल्स पार्टी ने घोषणा की कि वह भूमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चारनविराकुल को अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्थन देगी।

**समर्थन के लिए क्या है विपक्ष की शर्त?** हालांकि, विपक्ष का समर्थन कुछ शर्तों पर आधारित है। अनुतिन चारनविराकुल को लिखित समझौते में वादा करना होगा कि नई सरकार बनने के चार महीने के भीतर संसद भंग कर दी जाएगी और आम चुनाव कराए जाएंगे। इसके अलावा, नई सरकार को जनमत संग्रह कराकर नया संविधान बनाने की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। विपक्ष लंबे समय से मौजूदा सैन्य शासन के दौर में बने संविधान में बदलाव चाहता है।

**शिनावात्रा को पीएम पद से हटाने के बाद थाईलैंड में उथल-पुथल** थाईलैंड में राजनीतिक उथल-पुथल तब बढ़ी जब पिछले हफ्ते संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया। अदालत का कहना था कि उन्होंने कंबोडिया के सीनेट अध्यक्ष हुन सेन से सीमा विवाद के दौरान फोन पर बातचीत कर नैतिकता कानूनों का उल्लंघन किया। इस विवाद में जुलाई में पांच दिन तक हिंसक संघर्ष हुआ था।

## इनसाइडर ट्रेडिंग की आशंका दूर करने के लिए अनुपालन सख्त करें बैंक, बोले सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय

इनसाइडर ट्रेडिंग रोकने के लिए बने नियमों का पालन करना बैंक प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। बैंकों की ओर से ऐसे उल्लंघनों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए आंतरिक नियंत्रण को भी मजबूत करने की जरूरत है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने बुधवार को यह बात कही। सेबी प्रमुख ने सूचीबद्ध बैंकों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से कहा, इनसाइडर ट्रेडिंग का जोखिम वहां पनपता है, जहां नियंत्रण कमजोर होता है, जहां प्रक्रियाएं अस्पष्ट होती हैं, जिम्मेदारियां तय नहीं होती हैं, और निगरानी सही ढंग से नहीं होती है। उन्होंने कहा कि कमजोर नियंत्रण कई तरक की धोखाधड़ी के पीछे का प्रमुख कारण होता है।

**इंडसइंड बैंक में इनसाइडर ट्रेडिंग से जुड़े मामले के बाद सेबी प्रमुख का बड़ा बयान** सेबी प्रमुख का यह बयान जून में नियामक की ओर से इंडसइंड बैंक के कुछ शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ इनसाइडर ट्रेडिंग मानदंडों के उल्लंघन के लिए जारी किए गए अंतरिम आदेश की पृष्ठभूमि में



आया है। नियामक की जांच में पता चला था कि बैंक के एमडी व सीईओ और डिप्टी सीईओ सहित कुछ सीनियर अधिकारियों ने कथित तौर पर इंडसइंड बैंक के शेयरों में कारोबार किया। इस दौरान उनके पास बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो के खाता शेष में विसंगतियों से जुड़ी अप्रकाशित व कीमतों के प्रति संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) मौजूद थी।

**कीमतों को प्रभावित करने वाली सूचनाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दें बैंक** सेबी प्रमुख ने बैंकों से कहा कि वे यूपीएसआई की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने चेतावनी दी कि बैठकों या ईमेल के जरिए की गई अनौपचारिक या अनौपचारिक जानकारी भी गंभीर उल्लंघन मानी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, एक भी लीक कुछ ही सेकंड में डिजिटल नेटवर्क पर फैल सकती है और ऐसी स्थिति में स्टॉक की कीमतों, निवेशकों के विश्वास या आपके बैंक की प्रतिष्ठा को हुए नुकसान की भरपाई करने का कोई तरीका नहीं है।

**बैंकों के पास बाजार में दोहरी जिम्मेदारी- सेबी प्रमुख** पांडेय ने बैंकों को यह भी याद दिलाया कि वे दोहरी जिम्मेदारी निभाते हैं। एक तो वे स्वयं सूचीबद्ध संस्थाओं के रूप में बाजार से जुड़े हैं और दूसरी तरफ अन्य सूचीबद्ध कंपनियों की संवेदनशील जानकारी के भी वे संरक्षक हैं। पांडे ने कहा कि भेदिया व्यापार निषेध (पीआईटी) के अंतर्गत अनुपालन अधिकारी की भूमिका होनी चाहिए। नियमों का अनुपालन केवल एक कानूनी दायित्व ही नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। सेबी प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह भूमिका कभी भी प्रतीकात्मक नहीं होनी चाहिए। बोर्डों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अनुपालन अधिकारियों को अधिकार, प्रशिक्षण, उपकरण और नेतृत्व से स्पष्ट समर्थन प्राप्त हो ताकि वे नियमों को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अनुपालन अधिकारी की निगरानी को कभी नजरअंदाज न करें।

**मजबूत अनुपालन के लिए तकनीक का लाभ उठाएं बैंक- तुहिन कांत** पांडे ने बैंकों से मजबूत अनुपालन के लिए तकनीक का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वचालित ट्रेडिंग विंडो प्रबंधन, केंद्रीकृत पूर्व-मंजूरी और प्रकटीकरण पोर्टल, और डिजिटल प्रशिक्षण एवं प्रमाणन प्लेटफ़ॉर्म, अनुपालन जोखिमों को काफ़ी हद तक कम कर सकते हैं। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि संवेदनशील अवधियों के दौरान ट्रेडों की निगरानी के लिए तकनीकी समाधान विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे उपायों से अनुपालन टीमों पर बोझ कम होगा।

# महाराणा प्रताप संघर्ष समिति के तत्वावधान में रतनगढ़ में उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया भूमि पूजन

## शीघ्र होगा चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा की स्थापना एवं अनावरण के भव्य कार्यक्रम का आयोजन



निर्मल मूंदड़ा रतनगढ़ सामाजिक समरसता, सर्वधर्म सद्भाव और भारतीय इतिहास के पूरोधा हिंदूआ सूरज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के आदर्श जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने एवं उनके विचारों और शौर्य को प्रचारित कर आज की युवा पीढ़ी को सामाजिक एकता व राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने व महाराणा के जीवन मूल्यों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप संघर्ष समिति रतनगढ़ क्षेत्र के तत्वावधान में पिछले दिनों स्थानीय बस स्टैंड परिसर नीमच सिंगोली रोड के नजदीक रतनगढ पर प्रस्तावित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की चेतक पर सवार विशाल प्रतिमा की स्थापना को लेकर क्षेत्र के राजपूत समाज एवं सर्व समाज के द्वारा सामूहिक रूप से एकमत होकर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया ।कि शीघ्र ही रतनगढ़ नगर में भी महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा की स्थापना की जाए ।इसके लिए मूर्ति के फाउंडेशन की नींव का मुहूर्त कर इस पुनित कार्य का श्रीगणेश किया जाए ।इसके पश्चात दिनांक 2 सितंबर 2025सोमवार को आसपास क्षेत्र के सभी ठिकानों से राजपूत समाज एवं सर्व समाज के बड़ी संख्या में समाज जन रतनगढ़ बस स्टैंड परिसर पर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना स्थल पर एकत्रित हुए ।एवं भगवान श्री गोवर्धन नाथ मंदिर रतनगढ के पुजारी एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विष्णु दत्त व्यास के हाथों से महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा अर्चना कर पूरे उत्साह उमंग एवं जोश खरोश के साथ भूमि पूजन किया गया ।एवं राजपूत समाज व सर्व समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में नींव का पत्थर रखा गया ।इस अवसर पर राजपूत समाज के सभी वरिष्ठ एवं युवा समाज बंधुओ ने जय शिवा सरकार की जय महाराणा प्रताप की, एवं एकलिंग नाथ के गगन भेदी जयकारों के साथ यह भी संकल्प लिया कि शीघ्र ही यहां वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की चेतक घोड़े पर सवार विशाल प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इस ऐतिहासिक कार्य की आज हम सभी के द्वारा शुभ मुहूर्त में नींव रखकर शुरुआत कर दी गई है ।इस अवसर पर महाराणा प्रताप संघर्ष समिति के आह्वान पर रतनगढ़ सहित गुंजालिया, माधुपुरा,देहपूर, गुंदीखेड़ा,नारदा, खजुरिया, लुहारिया चुंडावत, मोरवन, गुड्डाखेड़ा,जावदा, दोलपुरा, ग्वालियर कला, ग्वालियर खुर्द, लुहारिया जाट, किरता, मुकैरा, जेतपुरा, सांडा, चामुंडिया, देवरिया, बधावा, बल्दरखा, हाथीपूरा, उम्मेदपुरा,

ताल,अथवा,जेतलिया, घोड़ा का मेघपूरा,हाड़ा की मोरवन आदि ठिकानों से बड़ी संख्या में राजपूत समाज के वरिष्ठ एवं युवा समाज जन रतनगढ़ में उपस्थित हुए।

# ग्राम जाट में लोक देवता तेजाजी महाराज के पर्व तेजा दशमी को बड़े ही हर्ष उल्लास व उमंग के साथ मनाया गया

### मंदिर परिसर से ग्राम के सभी प्रमुख मार्गो से निकाली गई श्री तेजाजी महाराज की झण्डी (धर्मध्वजा) व शोभायात्रा

### शोभायात्रा में उमडा आस्था का जनसेलाब, ग्रामीणों ने जगह-जगह किया झंडी का स्वागत



**सत्यनारायण सुथार जाट** ग्राम यशनगर जाट में हिंदू समाज के अराध्य अति प्राचीन लोक देवता सत्यवादी श्री वीर तेजाजी महाराज की झंडी, ( शोभायात्रा ) निकाली गई। इसके एक दिन पूर्व ही ग्राम जाट के भटवाडा मोहल्ले में प्रसिद्ध चमत्कारीक प्राचीन तेजाजी मंदिर परिसर को जगमगाती हुई आकर्षक विुत रोशनी एवं फूलों की मालाओ से सजाया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु महिला पुष्ठ ष भक्तों की उपस्थिति में तेजा दशमी के 1 दिन पूर्व मंदिर परिसर पर रात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया। जिसमें तेजा मंडली के कलाकारों द्वारा पूरी रात आकर्षक भजनों व खेलाओ ( तेजा गीत )की प्रस्तुति दी गई व गांव की महिलाओं द्वारा तेजाजी महाराज के मंगल गीत गाए गए। रात्रि जागरण में तेजाजी महाराज के 51 किलो कास्ये का भोग लगा कर प्रसादी वितरित की गई।

शोभायात्रा की शुष्ठ आत भटवाडा मोहल्ला मंदिर परिषद से साय 6¬15 बजे शुरू हुई जिसमें आगे -आगे झंडी ( धर्म ध्वजा ) और तेजाजी महाराज के शस्त्र भाला व पीछे -पीछे बड़ी संख्या में महिला पुष्ठ ष व भक्त गण तेजाजी महाराज के भजन (खेला) गाते हुए खेड़ा खुट बन्केश्वरी माताजी मंदिर पहुंचे वहां पर तेजाजी महाराज व बाशक देव की बामी पर पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा मे ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पर धर्म ध्वजा व सेवकों का कुमकुम तिलक व केसरिया साफा बंधवाकर व भगवा दुपट्टा व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए सभी भक्तों के लिए ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पर चाय, काफ़ी और फलआहार की व्यवस्था की गई। व शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्ग रेगर मोहल्ला, माली मोहल्ला, सेन मोहल्ला, कुमावत मोहल्ला, खटीक मोहल्ला, धाकड़ खेड़ी, पुरानी रेंज चौकी, आसान चौक, नरसिंह मंदिर, आगर मोहल्ला, होती हुई पुनः यथा स्थान पहुंची जहां पर लोक देवता सत्यवादी श्री वीर तेजाजी महाराज की आरती कर प्रसादी वितरित की गई। सभी आयोजन के बाद मंदिर समिति के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं, सेवादारों का सफा बंधा कर व भगव दुपट्टा उठा कर सम्मान किया गयो

शोभा यात्रा में श्री तेजपाल नाट्य कला मंडल समिति के सदस्य शंभू लाल जी सोलंकी, कालू मेवाड़ा, शंकर लाल भाट, बाबूलाल प्रजापत, शौकीन प्रजापत, शंकर लाल गुर्जर, शंभू लाल मेवाड़ा, नारायण जटिया, भूरालाल माली, मुकेश कुमार सोनी, शंकर लाल गुर्जर, पवन पाराशर, दुर्गा लाल प्रजापत,किशन लाल प्रजापत, कन्हैया लाल प्रजापत, रतन माली, सत्यनारायण सुथार , रामचंद्र गुर्जर, हीरालाल मीणा, दुर्गेश सोनी उस्ताद, देवीलाल धाकड़, शंभूलाल माली, व खेला मंडली सदस्य मनोज प्रजापत, महावीर मेवाड़ा, कुलदीप कुमावत, राजू राठौड़, तेजपाल मेवाड़ा, ईश्वर जटिया, अर्पित पाराशर, ओमप्रकाश मीणा, देवीलाल माली, बसंत कुमावत, रमेश कुमावत, सुभाष प्रजापत,प्रहलाद गुर्जर,ओर सभी समिति के स्थाई सदस्य मंडली सदस्य व ग्रामीणजन व महिला पुष्ठ ष भक्तगण उपस्थित थे ।

# स्वर्ण पदक खिलाड़ी और पुलिस प्रशासन का महावीर व्यायामशाला ने किया सम्मान



आलोट - शरीर को स्वस्थ रखना है तो आज के समय में मोबाइल से दूरी ओर अखाड़ों से जुड़ना चाहिए युवाओं को , प्रतिदिन एक घंटा अखाड़े में कसरत करने से पसीना बहाने से शरीर स्वस्थ और सुदृढ़ बनता है यह बात आलोट थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने अभिनन्दन समारोह में पहलवानों को कही। श्री महावीर व्यायामशाला द्वारा मंगलवार को भव्य अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम बालाजी महाराज का पूजन कर महाआरती की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओपी पल्लवी गौर, थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान विशेष अतिथि स्वर्ण पदक विजेता कु.कशिश सोलंकी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महावीर व्यायामशाला के अध्यक्ष राजेश प्रजापति एवं उस्ताद कमलाशंकर मेवाड़ा द्वारा उपस्थित अतिथियों का शाल ओढ़ाकर, साफा बांधकर, पुष्पमाला पहना कर सम्मान किया गया। एसडीओपी महोदया पल्लवी गौर ने पहलवानों से बड़े सरल और सहज स्वभाव से चर्चा की एवं भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। वहीं व्यायामशाला के अध्यक्ष राजेश प्रजापति ने स्वागत भाषण देते हुए पुलिस प्रशासन की प्रशंसा की कशिश सोलंकी को बधाई शुभकामनाएं दी। व्यायामशाला के उस्ताद कमलाशंकर मेवाड़ा ने व्यायामशाला के निर्माण एवं गतिविधियों पर विस्तृत बात रखी। इसके बाद पूरे आलोट नगर का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करने वाली महावीर विद्यालय की छात्रा कु कशिश सोलंकी का महावीर व्यायामशाला समिति ने अभिनन्दन पत्र भेंट कर उज्जवल भविष्य की मंगलमय बधाई शुभकामनाएं दी। बता दे कि कु कशिश सोलंकी ने ष्ट्क्स्थ्र विभाग से कलस्टर खेलो में दौड़ प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। अब राष्टीय स्तर पर वाराणसी में होने वाली प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का नेतृत्व करेगी। यह पदक हासिल करने वाली यह पहली बालिका धावक है। इस दौरान भूपेंद्र सिंह सोलंकी, विजेंद्र सिंह सोलंकी, हर्षवर्धन सिंह सोलंकी, सुरेश प्रजापत, अरुण प्रजापत, अनिल प्रजापत, सन्नी पहलवान, सोहेल पहलवान, जुगल प्रजापति, सहित बड़ी संख्या में व्यायामशाला के पदाधिकारी ओर पहलवान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव भैंसोटा ने किया एवं आभार किसान संघ के भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने व्यक्त किया ।

# तराना ब्लॉक कांग्रेस ने फसल बीमा ओर मुआवजे की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**अरशद जागीरदार तराना - फसल बीमा,मुआवजा और फसलों में फैल रहे पीला मौजक वायरस के साथ किसानों की अनेकों समस्याओं को लेकर तराना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओर समस्त कांग्रेस संगठनो ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी तराना को ज्ञापन देकर मांग की गई कि खराब हुई फसलों का जल्द से जल्द सर्वे कराया जाए और पीड़ित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाएं जो किसानों का अधिकार है और साथ ही किसानों ओर आम लोगों के जो बिजली बिल है वो बहुत ज्यादा बड़े हुए आ रहे हैं, उनकी सही जांच करवा कर उन्हें दुरुस्त किया जाए समय रहते समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओर विधायक महेश परमार के नेतृत्व में उग्र आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन ओर प्रशासन में बैठे लोगो की रहेंगी ज्ञापन देते समय ब्लॉक कांग्रेस**




**कमेटी तराना के अध्यक्ष गजराज सिंह चौहान,वरिष्ठ नेता कैलाश गोठी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बारोड़,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुर्जर, नगर परिषद उपाध्यक्ष कामिल कुरेशी,महेश रावल, कप्तानसिंह पंवार,संजय यादव, पार्षद शेख यासीन,दीपक देव,दिलीप सोलंकी, तेजकरण दांगी, द्वारकाधीश शर्मा, बहादुर बैरागी,जिला पंचायत सदस्य मुकेश परमार,करण गुजारती,सूरज चांदना,नाना वर्मा, दयाराम मालवीय, भेरूसिंह दरबार, महेश पटेल, सिद्दक खान, निक्की राठौर,पवन गहलोद,लाल बना इटावा, इंदर जाट,भरत गुर्जर, पवन सोलंकी, अमृत जाट,दिलीप सिंह जिगरा, सुल्तान खान, गोलू जागीरदार, हरजीत सिंह सलूजा, जसवंत आंजना, प्रदीप वाजपेई, बलराम गुर्जर, कमलेश बड़ाल, सूरज चांदना, पहलवान सिंह,पॉपसिंह छढ़ावद,टीपू कुरैशी, तौहीद शाह, सुरेश जाट,सहित कई वरिष्ठ नेता,किसान ओर कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ज्ञापन का वाचन युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुर्जर ने किया जानकारी युवा नेता सैय्यद नियामत अली ने दी।**

**कार्यक्रम को संबोधित किया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजराज सिंह चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बारोड़, वरिष्ठ नेता कैलाश गोठी,किसान नेता कप्तानसिंह पंवार,मंडल अध्यक्ष महेश रावल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुर्जर पूर्व सरपंच दिलीप सोलंकी सहित कई नेताओं ने किसानों ओर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।**

# नगर में गणेश उत्सव की धूम जगह जगह







**नरेंद्र सिंह ठाकुर** टांडा धार-नगर में गणेश उत्सव पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है भक्तों के द्वारा प्रतिदिन एक से बढ़कर एक आयोजन समितियां के द्वारा किया जा रहा है नगर के सबसे बड़े गणेश उत्सव आयोजन ओमकारा ग्रुप /किंग ग्रुप महाकाल ग्रुप /सदर बाजार /नीम चौक /बजरंग क्लब खेड़ापति /नागेश्वर ग्रुप / के साथ नगर के मंदिरों व समितियां के द्वारा बड़े भाव के साथ भगवान की पूजा अर्चना कर समिति के द्वारा प्रतिदिन बच्चों के लिए एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रतियोगिता डांस प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस बाबा महाकाल की भजन संध्या और आज ग्यारस के उपलक्ष में बाबा खाटू श्याम के भजन संध्या का कार्यक्रम किया जा रहे हैं जिसमें कई प्रकार की प्रतियोगिता कर विजेता बच्चों को तत्काल आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्र में समिति के द्वारा कबड्डी तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है आपको बता दे नगर के सभी गणेश उत्सव समिति के द्वारा प्रतिदिन महाआरती एवं महामहाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पंचायत प्रांगण पर ओमकारा ग्रुप एवं नरसिंह मंदिर पर किंग ग्रुप के द्वारा प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में भक्त आरती एवं प्रसादी के साथ-साथ बच्चे भी प्रतिदिन प्रतियोगिता का लाभ ले रहे हैं

## गणेशोत्सव के अंतर्गत तीरंदाजी व बांसुरी प्रतियोगिता आयोजित





**नरेंद्र सिंह ठाकुर** टांडा एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणेशोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष अनुसार ग्रामीण अंचलो के पांडालों के साथ-साथ नगर में सबसे बड़ा गरबा आयोजन के रूप में ओमकारा ग्रुप /किंग ग्रुप/ सदर बाजार/डाक बंगला सहित अन्य जगह प्रतिदिन धार्मिक आयोजनों के साथ भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम फैंसी ड्रेस एवं खेलकूद के आयोजन प्रतिदिन हो रहे हैं वह विजेता बच्चों को एक से बढ़कर एक पुरस्कार प्रदान किया जा रहे हैं धर्म रक्षा समिति के तत्वावधान में टांडा के आसपास के ग्रामीण अंचलों के ग्रामीण जनों की तीरंदाजी व बांसुरी प्रतियोगिता मंडी प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमे बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संघ के विभाग संघचालक भूपेंद्र कसेरा जिला कार्यवाह अंतर सिह बघेल,जनजाति विकास मंच जिला अध्यक्ष अरविंद डावर, एवं मालसिंह चौहान जिला ग्राम विकास प्रमुख मंचासीन थे!

# ढोल ग्यारस के उपलक्ष में भक्तों द्वारा श्रीरामदेव भगवान की ध्वज यात्रा निकाली गई..

झाबुआ।संजय जैन- जिला ब्यूरो। कल ढोल ग्यारस पर्व के उपलक्ष में शहर के भक्तजनों द्वारा रूनवाल बाजार से श्रीरामदेव भगवान की ध्वज यात्रा ढोल-धमाकों के साथ निकाली गई, जो जिला चिकित्सालय मार्ग पर श्रीरामदेव मंदिर पहुंचने पर यहां मंदिर में ध्वज चढ़ाए गए। बाद दीप सज्जा, पूजन, आरती एवं प्रसादी का आयोजन हुआ।

इनकी रही सहभागिता..जानकारी देते हुए युवा रिंकू रूनवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मानमल रूनवाल, प्रदीप रूनवाल, मनीष, दिनेश, राजेंद्र, रितेश, अशोक, सुधीर, जितेंद्र, अभय, प्रवीण, बबलू, रिंकू, मुकेश, अजय, संतोष रूनवाल, युवाओं में पराग, मयंक, अंकित, विजय, अनिल रूनवाल परिवार के साथ हरिभाई पटेल, पीयूष,जितेंद्र,कमलेश, दिलीप, संजय, कन्हैया पटेल, पंकज गोखरू, राकेश गोखरू, रितेश मेहता आदि सहित महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। ध्वज यात्रा रूनवाल बाजार से थांदला गेट, मेन बाजार, बस स्टैंड चौराहा होते हुए जिला चिकित्सलय मार्ग स्थित श्रीरामदेव मंदिर पहुंची। जहां मंदिर में ध्वज अर्पण के बाद दीपकों से सज्जा की गई। सभी ने भगवान की पूजन कर महाआरती में सम्मिलित हुए। इस दौरान महिलाओं ने मंदिर परिसर में बैठकर श्री रामदेव भगवान के स्तवन एवं सुंदर गीत गाए। समापन पर पियूष हरिभाई पटेल परिवार की ओर से सभी भक्तों को खीर का प्रसाद का वितरित किया गया।







# विधायक आक्या ने उप मुख्यमंत्री व उद्योग मंत्री से भेंटकर सौपा ज्ञापन

**मार्बल ग्रेनाईट उद्योग में जीएसटी दर घटाकर 5 प्रतिशत की जाये:विधायक आक्या**

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या के नेतृत्व में चित्तौड़गढ़ मार्बल उद्योग के प्रतिनिधिमण्डल ने जयपुर में उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी एवं उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से भेंटकर उन्हे चित्तौड़गढ़ मार्बल व ग्रेनाईट उद्योग में आने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए इस उद्योग पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत कराने संबंधी ज्ञापन सोंपा। विधायक आक्या ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व उद्य्ोग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से भेंट कर उन्हे अवगत कराया की राजस्थान में मार्बल ग्रेनाईट का देश में सबसे बड़ा उत्पादक एवं विनिर्माण उद्योग है जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से करीब 10 लाख परिवारो का भरण पोषण होता है। भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार की नीतियो से औद्योगिकरण को बल तो मिला लेकिन जीएसटी 18 प्रतिशत होने से यह उद्योग पिछड़ने लगा है। मार्बल उद्योगो की उत्पादन क्षमता



मात्र 50 प्रतिशत रह जाने से राजस्व पर बुरा असर पड़ा है तथा बेरोजगारी बढने लगी है। जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से इस उद्योग को राहत मिलेगी। विधायक आक्या ने उप मुख्यमंत्री व उद्योग मंत्री को बताया की चित्तौडगढ़ में जीएसटी से पूर्व 144 गेंगसा यूनिट थी जो वर्तमान में 104 ही रह गई है। व्यापारी वर्ग ने ग्रेनाइट यूनिट लगाना बंद कर दिया है। इस वजह से उद्योग से जुड़े मजदूरो पर रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है तथा वे पलायन करने को मजबूर हो गए है। विधायक आक्या ने बताया कि मार्बल माईंस भण्डार अकेले राजस्थान में ही 2220 मिलियन टन है जो कि भारत में निकलने वाले भण्डार का पचास फिसदी है। अकेले राजस्थान में करीब 6 हजार माईनिंग लीज है। इसी प्रकार ग्रेनाईट माईंस का भण्डार राजस्थान में 8500 मिलिटन क्यूबीक मीटर है जो कि पुरे भारत में भण्डार का 20 प्रतिशत है। वर्ष 2022-23 तक मार्बल ग्रेनाईट व अन्य स्टोन का निर्यात 2085 मिलियन यूएसडी था। जीएसटी 5 प्रतिशत करने से ''वोकल फॉर लोकल'' को बल मिलेगा। इस अवसर पर चित्तौडगढ़ मार्बल उद्योग संस्था के भागचन्द मून्दडा, सुदर्शन रामपुरिया आदि उपस्थित थे।

## जल झूलनी एकादशी पर भक्ति के रंग में रंगा कृष्णाधाम सांवरिया जी, उमड़े लाखो भक्त

## इंद्रदेव भी हुए दर्शन को आतुर, झमाझम बरसकर किया सांवलिया का सत्कार।



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। जल झूलनी एकादशी पर सांवलिया सेठ की धरती भक्ति, भाव और आस्था से सराबोर हो उठी। बुधवार को राजभोग आरती के बाद शहर भ्रमण पर निकले भगवान के बाल विग्रह का स्पर्श करने मानो इंद्रदेव भी धरती पर उतर आए हों। दिनभर मेघ झूम-झूमकर बरसे और श्रद्धालुओं के उत्साह को दुगुना कर दिया। रजत रथ में विराजित सांवलिया सेठ की शोभायात्रा निकली तो गलियां में हाथी-घोड़ा-पालकी 卐जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो एवं सांवरिया सेठ की जय हों के जयकारों से गूंज उठीं। अबीर-गुलाल, बैंड-बाजों की स्वरलहरियां और भक्तों का नृत्य हर दृश्य में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम बिखरा। सांवलिया सरोवर घाट पर भगवान का जल स्नान और विशेष पूजा ने मानो प्रकृति व ईश्वर का अद्भुत मिलन करा दिया। इसी दौरान इंद्रदेव की वर्षा ने हर भक्त का तन-मन भिगोकर इस आस्था पर्व को और भी अलौकिक बना दिया। मंदिर बोर्ड चेयरमैन जानकीदास, सांवलिया मंदिर मंडल की सीईओ एडीएम प्रभा गोतम, बोर्ड सदस्य सहित हजारों ग्रामीण और श्रद्धालु इस अनूठे आध्यात्मिक क्षण के साक्षी बने।

**तीन दिवसीय मेले का गुरुवार को समापन** गुरुवार को मीरा रंग मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ तीन दिवसीय मेले का समापन होगा। इस दौरान दिव्यांगों को स्कूटी वितरण और प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

# 5 सितम्बर को जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाएंगे विधायक आक्या का जन्मदिन

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या का जन्मदिवस 5 सितम्बर को जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जन्म दिवस के तहत गुरूवार व शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। जन्मदिवस से एक दिन पूर्व गुरूवार को आयोजित कार्यक्रमो के तहत प्रातः संगम महादेव भोईखेड़ा में पौधारोपण व अभिषेक, चंदेरिया में मुखबधिर बच्चो की सेवा, प्रयास संस्था भदेसर व नाहरगढ़ के छात्रावास में बच्चो के साथ खुशियां बांटने, विजयपुर के राजकीय चिकित्सालय व कस्तूरबा गांधी छात्रावास में फल वितरण व पौधारोपण, अपरांह झातला माताजी में पौधारोपण व कम्बल वितरण तथा लालजी का खेड़ा में रात्री सुंदरकाण्ड का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमो के लिए लाला गुर्जर, बालकिशन भोई, पूरण सिंह राणा, पवन आचार्य, लिटिल भट्ट, रामेश्वर धाकड़, दिनेश धाकड़, किशन गुर्जर को प्रभारी बनाया गया हैं। शिविर आयोजक मण्डल के भंवरसिंह खरड़ी बावड़ी, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, रोहिताश्व जाट, पवन आचार्य व रतन डांगी के अनुसार शुक्रवार को महाराणा प्रताप सेतु मार्ग स्थित भरत बाग में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में हृदय रोग, मस्तिष्क व स्पाइन रोग, पेट आंत व लिवर रोग, हड्डी रोग व जोड़ प्रत्यारोपण, गुर्दे एवं मूत्र रोग, जनरल फिजिशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु एवं बाल रोग, नाक कान एवं गला रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग आदि रोगो का गीतांजली हॉस्पीटल उदयपुर के रोग विशेषज्ञो द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। शिविर संयोजक अनिल ईनाणी व सह संयोजक रवि विराणी के अनुसार इस निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर को लेकर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। समूचे विधानसभा क्षैत्र में बड़ी संख्या में लोगो द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। इस शिविर मे अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।



# डोल ग्यारस पर बैरसिया नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण पर निकले कन्हैया जी...

## विमानों का पूजन अर्चन करके भक्तों ने किया भगवान का स्वागत..

### अखाड़े एवं झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र...

संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878--हिंदू उत्सव समिति बैरसिया के तत्वाधान में समूचे बैरसिया नगर में जल झूलनी ग्यारस विमानों की विशाल शोभायात्रा के साथ बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। शुक्ल और कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को चंद्रमा की ग्यारह कलाओं का प्रभाव जीवों पर पड़ता है। इसके फलस्वरूप शरीर की स्थिति और मन की चंचलता स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। इसी कारण उपवास द्वारा शरीर को संभालना और देवताओं की पूजा करके मन को नियंत्रण में रखना एकादशी व्रत विधान है और एकादशी का वैसे भी सनातन धर्म में बहुत महत्व माना गया है। जलझूलनी एकादशी भगवान कृष्ण जन्म के 18 दिन माता यशोदा ने उनका जलवा पूजन किया था इसी दिन को




ढोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन भगवान श्री कृष्ण को ढोल में बिठाकर विभिन्न झांकियां सजाकर जलविहार करवाया जाता है इसी को लेकर बैरसिया में प्रत्येक मंदिरों के देव विमान सजाकर भव्य शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए सांवलिया मंदिर से होकर छत्री मंदिर बड़ा तालाब पर पहुंची सभी विमानों की जल झूलन की परंपरा को मोर मुकुट वंशीवाले की जय बोलकर जीवंत किया। वही पर सभी भक्तों ने पूजन विधि के साथ दर्शन किए। इस विशाल शोभायात्रा में तरह तरह की झांकियों वा अखाड़ों ने भक्तों का मन मोह लिया। वहीं क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में भी इस पर्व को हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया इसी तारतम्य में क्षेत्र के नगर नजीराबाद में भी श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं श्री राम जानकी मंदिर नजीराबाद के विमान में भगवान श्री कृष्ण विराजमान हो नगर के भ्रमण पर निकले और भगवान का घर-घर ग्रामीणों ने पूजन अर्चन किया वहीं अंत में विसर्जन घाट पहुंचकर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी,भक्तजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। पुलिस,प्रशासन ने भी शोभायात्रा में व्यवधान न हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए थे।

# करमडार महापूजा एवं करमा नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन छिंदवाड़ा में

## गोंडवाना गुरुदादा परम श्रद्धेय दुर्गेभगत जगत जी एवम करुणामई दाई दुर्गे दुलेश्वरी जी के सानिध्य में होगा आयोजन

**संवाददाता मंडला**
**मो. 7879676035**

मंडला - गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़, गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के तत्वाधान पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में 3 सितंबर को भव्य कर्मडार महा पूजा एवं करमा नृत्य महोत्सव के निरंतर 18 वा वर्ष का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम आयोजको द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि गोंडी धर्म संस्कृति विश्व संस्कृति की जननी है। व्यक्ति से परिवार और परिवार से समाज का निर्माण होता है। और हर समाज की अपनी रीति रिवाज परंपरा और संस्कृति ही समाज की पहचान होती है। धर्म पिता तुल्य, भाषा माता तुल्य के साथ संस्कृति और कला गोड समाज की विशेष पहचान है। इसी गोंडी धर्म संस्कृति को अ अक्षून्य बनाए रखना भय और भ्रम को मिटाने में नेंग जोग संस्कृति रूढ़ी परंपरा को संरक्षित करने हेतु गोंडवाना गुरु दादा परम श्रद्धेय दुर्गे भगत जगत जी एवं करुणामई दाई दुर्गेश्वरी जी के आशीर्वाद एवं सानिध्य में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कर्मडार महा पूजा एवं करमा नृत्य महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं इस दौरान गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति छत्तीसगढ़ से कार्यक्रम में शामिल होने गोंडवाना गुरुदेव के साथ लगभग डेढ़ सौ चार पहिया वाहनों के साथ दो हजार से अधिक समिति के सदस्य छत्तीसगढ़ से चलकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रैली रूप में रवाना हुए जिनका स्वागत गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति मध्य प्रदेश के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा जिला मुख्यालय मंडला में महारानी दुर्गावती जी स्मारक के पास हल्दी चावल से तिलक वंदन व फूल मालाओं के साथ स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय के पोला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम शाम 6 बजे से पूरे रात्रि कालीन तक सांस्कृतिक संदेशों से परिपूर्ण गीत संगीतों के साथ ही गुरु दादा द्वारा विधि विधान से कर्मडार की पूजा अर्चना पूरी रात चलेगी इसके पश्चात प्रात: काल में कर्मडार को बाजे गाजे के साथ सरवर स्नान कराया जाकर कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान उपस्थित रहे भूपेन्द्र वरकड़े कृषि स्थाई समिति सभापति जिला पंचायत व जिला संयोजक गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, दिलीप सैयाम प्रदेश संयोजक गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति , सोनू भलावी अध्यक्ष जनपद पंचायत मंडला,नीरज अग्रवाल जिला अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार परिषद, प्रेमलाल सैयाम प्रदेश अध्यक्ष समिति, सुग्रीव मरावी सरपंच, लोक सिंह मरकाम, अजीत मार्को, वीरेंद्र कुर्राम,धनंजय वल्के, सरिता मरावी सहित बड़े संख्या में सामाजिक जन रहे उपस्थित।

# पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत के सानिध्य में शहर कांग्रेस कमेटी ने ठाकुर जी की शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद लिया



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा ।जलझूलनी एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के सानिध्य में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा ठाकुर जी की विशाल बेवाण शोभायात्रा पर गंभीरी नदी तट पर पुष्पवर्षा की। प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया की इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, प्रदेश सचिव पियूष त्रिवेदी, पूर्व नगर परिषद सभापति रमेशनाथ योगी, पूर्व जिला संगठन महामंत्री करण सिंह सांखला, जिला प्रवक्ता राजेश सोनी, जिला प्रभारी गणेश लाल जाटोलिया, मंडल अध्यक्ष अर्जुन रायका, विनोद लड्डा, एनएसयूआई अध्यक्ष कान्हा वैष्णव, पार्षद रामगोपाल लोहार, टिंकू धामानी महामंत्री शंभुलाल प्रजापत, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नितिन वर्मा, प्रवीण मेनारिया, महामंत्री कमलेश माली, गिरिवर सिंह, संजय रैगर, अमित लड्डा, अशोक दादा वैष्णव, प्रभुलाल रैगर, प्रदीप पुरोहित, पूर्व पार्षद मनिष मीणा, सत्यनारायण मूंदड़ा, संदीप पुरोहित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल झूलनी एकादशी पर निकाला ठाकुरजी का डोला

## ज्योति नगर में बारिश पर आस्था रही भारी

## इंद्रदेव ने पखारे ठाकुरजी के पैर




खरगोन। शहर के ज्योति नगर में जल झूलनी एकादशी ( डोल ग्यारस ) पर कॉलोनवासी श्रीकृष्ण भक्ति में रमे नजर आए। यहां शाम को ठाकुरजी को सुसज्जित ठेला गाड़ी पर पालने में विराजित कर डोले की शुरुआत की गई। आयोजन के चलते कॉलोनी में उत्सवी माहौल रहा। भजन-कीर्तन के साथ जयकारों से देर शाम तक माहौल धर्ममय बना रहा। इंजी.नीतिन मालवीय ने बताया कि कॉलोनी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को डोल ग्यारस के रुप में उत्सवी माहौल के बीच मनाया गया। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु करवट बदलते हैं, इसीलिए यह परिवर्तनी एकादशी भी कही जाती है। श्री मालवीय ने कहा जैसे ही डोले की शुरुआत हुई इंद्रदेव ने भी रिमझिम वर्षा के रुप में ठाकुरजी के पैर पखारे। बारिश के बीच भी भक्तों का उत्साह बरकरार रहा। भीगते हुए ठाकुरजी को कॉलोनी का भ्रमण कराया गया।

कॉलोनी के दिलीप सोनी एवं प्रकाश चौरे ने बताया कि ज्योतेश्वर महादेव मंदिर में कॉलोनी वासियों के एकत्रीकरण के बाद डोले की शुरुआत की गई। आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की..के जयघोष के बाद ठाकुरजी को कॉलोनी का भ्रमण कराया गया। ढोल-तांशें के साथ निकला डोला कॉलोनी की जिस गली में डोला पहुंचा, वहां रहवासियों ने ठाकुरजी के दर्शन-पूजन किये। कई महिलाओं ने गरबा नृत्य कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

# नगर में धूमधाम से मनाई देवझुलनी ग्यारस



**जुबेर अहमद धरियावद**

9001885006 धरियावद -नगर में बुधवार को देवझुलनी ग्यारस का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से मनाया गया। परंपरा के अनुरूप विभिन्न मंदिरों से भगवान की रेवाड़ियाँ सजाकर नगरभर में शोभायात्रा निकाली गईं। ये रेवाड़ियाँ करमोई नदी तट तक पहुँचीं। जहाँ गंगाजल से भगवान का स्नान कराकर महाआरती की गई। इसके पश्चात परंपरा अनुसार सभी रेवाड़ियाँ धरियावद राजमहल पहुँचीं। राजमहल में भानुप्रताप सिंह राणावत ने सपरिवार भगवान की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों में विशेष सजावट की गई। ठाकुरजी को पालकी में विराजमान कर नगर में भव्य शोभायात्राएँ निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों,बैंडबाजों और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते हुए चल रहे थे। महिलाएँ मंगल गीत गाकर देवझुलनी की परंपरागत रस्म निभाती रहीं। रात्रि में भगवान के लिए विशेष झूला सजाया गया। भक्तों ने बारी-बारी से भगवान को झुलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

सीतामाता वन्यजीव अभयारण्य रेंज ज़ाखम में खैर तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही

# खैर की लकड़ी छिली हुई वजन लगभग 6 टन जब्त

**जुबेर अहमद धरियावद
9001885006**




धरियावद-उपवन संरक्षक वन्यजीव चित्तौड़गढ़ राहुल झाझडिया एवं सहायक वन संरक्षक राममोहन मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे वन्य एवं वन्यजीव सुरक्षा एवं खैर तस्करी नियंत्रण हेतु रेंज वन्यजीव जाखम टीम द्वारा दिनांक 02/09/2025 मंगलवार रात्रि को विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान अवल सुबह धरियावद की तरफ से अशोक लीलेंड आयशर ट्रक MP43H 9927 आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रोकने पर वाहन चालक गाड़ी पुन:धरियावद मुख्य मार्ग की और मुड़ाकर छोड़ कर भाग गया जिसके विरुद्ध वन अपराध दायर कर अपराध में प्रयुक्त वाहन एवं खैर लकड़ी छिली हुई वजन लगभग 06 टन जब्त कर अग्रिम कार्यवाही एवं उक्त वन अपराध की तफ्तीश जारी है। उक्त कार्यवाही में सोमेश्वर त्रिवेदी क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रथम, प्रशांत पाटीदार क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय,रमण लाल मीणा सहायक वनपाल,वनरक्षक रमेश मीणा वनरक्षक रताराम गरासिया,वनरक्षक कमलेश मेघवाल,वनरक्षक नवीन मीणा,महिपाल सिंह शिवसुंदर सिंह गौरवपाल सिंह सुनील डामोर वनरक्षक,मोहनलाल होमगार्ड की सराहनीय भूमिका रही

# विधायक थावरचंद डामोर का विधानसभा में कोचिंग सेंटर संशोधन बिल-2025 और SI भर्ती रद्दीकरण पर कड़ा हमला



**जुबेर अहमद** धरियावद 9001885006 धरियावद-राजस्थान विधानसभा के चतुर्थ मानसून सत्र में धरियावद विधायक थावरचंद डामोर ने सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कोचिंग सेंटर संशोधन बिल 2025 और SI भर्ती रद्दीकरण पर तीखा विरोध दर्ज कराया है।

**कोचिंग सेंटर ( संशोधन ) बिल पर आपत्तियाँ** श्री डामोर ने इस बिल को विद्यार्थी विरोधी और कोचिंग उद्योग हितैषी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह संशोधन छात्रों के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की बजाय उद्योग के दबाव में तैयार किया गया है।

**विधायक डामोर की प्रमुख आपत्तियाँ** उम्र सीमा हटाना 16 वर्ष से कम आयु पर रोक हटाकर बच्चों को प्रतियोगी दबाव में धकेलने का रास्ता खोला गया। जुर्माने में कमी पहले 2ङ्क5 लाख का जुर्माना था,अब मात्र 50,000ङ्क2 लाखकर दिया गया,जिससे बड़े उद्योग पर कोई असर नहीं होगा। पंजीकरण सीमा बढ़ाना 50 की जगह 100 छात्र तक की छूट देकर छोटे संस्थानों को कानून से बाहर कर दिया गया। हाई कोर्ट की अवहेलना कोर्ट द्वारा लागू करने के लिए कहे गए प्रावधान (आयु सीमा,बायोमेट्रिक, छुट्टी नियम) बिल से हटा दिए गए। मानसिक स्वास्थ्य पर चुप्पी छात्र आत्महत्या की घटनाएँ बढ़ रही हैं,लेकिन बिल में काउंसलिंग और राहत के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। केंद्र और राज्य की तुलना जहाँ केंद्र ने सुरक्षा और समानता पर जोर दिया, वहीं राजस्थान ने अधिकांश प्रावधान हटाकर कोचिंग संस्थानों को फायदा पहुँचाया।

**अन्य मुद्दे** विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र कोचिंग संस्थान में समानांतर पढ़ाई न करें। सरकारी कार्मिक के कोचिंग संस्थान में पढ़ाने पर सेवा समाप्ति का प्रावधान हो। श्री डामोर ने मांग की कि बिल को पुन:विचार हेतु भेजा जाए और केंद्र की गाइडलाइन्स व हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप संशोधन किया जाए।

**SI भर्ती रद्द पर सरकार को घेरा** डामोर ने सदन में स्ढ्ढ भर्ती रद्द किए जाने पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान और पूर्ववर्ती दोनों सरकारें नकल गिरोह और इससे जुड़े बड़े मगरमच्छों को पकड़ने की बातें करती रही हैं, लेकिन आज तक किसी बड़े दोषी पर कार्यवाही नहीं हुई।

**उन्होंने कहा** > वे सारे मगरमच्छ मंत्रियों और अधिकारियों के बगल-बंगलों में घूमते हैं, लेकिन सरकार उन्हें पकड़ नहीं सकती। नतीजा यह है कि ईमानदार और मेहनतकश अभ्यर्थी ही मारे जा रहे हैं। डामोर ने भावुक होकर कहा कि गरीब परिवारों से आने वाले युवा, जिनके पास न ढंग का घर है, न दो वक्त की रोटी, वे भला पेपर लीक कैसे करेंगे। असली दोषियों को छोड़कर मेहनत करने वाले युवाओं के सपनों को कुचला जा रहा है।

## तन को तपाना नहीं,मन को भी तपाना तपस्या है- क्षुल्लक महोदय सागरजी



**जुबेर अहमद धरियावद** 9001885006 धरियावद-पर्वराज पर्यूषण की आराधना के दिन चल रहे हैं। उत्तम तप धर्म हमारी आत्मा का परम मित्र है। तीनों लोकों में ऐसा कोई कार्य नहीं है,जो तप के द्वारा सिद्ध नहीं हो सकता है। मोक्ष मार्ग में तपना पहली शर्त है। राग का मार्ग भटकाने वाला है। किंतु तपश्चरण का मार्ग महान और उन्नत बनाने वाला है। पशु से परमात्मा बनाने वाला यदि कोई है तो वह उत्तम तप है। उक्त विचार क्षुल्लक 105 श्री महोदय सागर जी महाराज ने बुधवार को धरियावद के चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। क्षुल्लक जी ने कहा कि मानव की इच्छाएं अनंत हैं। इंद्रिय भोगों की लालसाओं पर अंकुश लगाना तप होता है। जब तक तपेंगे नहीं, तब तक कर्म खपेंगे नहीं। यदि कुंदन की तरह जीवन को बनाना है तो तपना आवश्यक है। साधना के लिए मौसम नहीं, मन होना चाहिए। जिसने अपने मन को मांझ लिया, निर्मल बना लिया,वह साधक साधना के शिखर को पाता है। महोदय सागर जी ने कहा कि तपस्या में मोल-भाव नहीं होना चाहिए। यश ख्याति लाभ की आकांक्षा से किया गया, तपश्चरण केवल तन को तपाना है। तन को तपाना तपस्या नहीं,मन को तपाना तपस्या है। कहा है- जल से उत्पन्न कीचड़ जल से ही परिशुद्ध होता है। वैसे ही मन से उत्पन्न होने वाला पाप मन से ही परिशुद्ध होते हैं।

**जन स्वास्थ्य अभियान, मध्य प्रदेश**

# इंदौर के अस्पताल में नवजात बच्चों को चूहों द्वारा काटने की घटना के संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को लिखा पत्र

03.09.2025, इंदौर। मध्य प्रदेश के एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवायएच), इंदौर में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती दो नवजात शिशुओं को चूहों द्वारा काटने की चौंकाने वाली घटना पर जन स्वास्थ्य अभियान, मध्य प्रदेश द्वारा चिंता जाहीर करते हुये राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राज्य मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर पूरे घटना की निष्पक्ष स्वतंत्र जाँच की मांग की है और जिम्मेदार अस्पताल अधिकारियों की जवाबददेही सुनिश्चित करने की मांग भी की है। ज्ञात हो कि महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवायएच), इंदौर में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती दो नवजात शिशुओं को चूहों द्वारा काटने से दोनों नवजात बच्चियों की मृत्यु हो गयी है प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरी बच्ची की मृत्यु आज दिनांक 3.09.25 को इलाज के दौरान हुई है।

जन स्वास्थ्य अभियान, मध्य प्रदेश ने इस पूरी घटना में विभिन्न मानकों और दिशानिर्देशों जैसे संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण (आईपीसी), जिला अस्पतालों के लिए भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, 2022), एनआईसीयू के लिए डब्ल्यूएचओ मानक के उल्लंघन की बात करते हुये कहा है कि स्वच्छता और एनआईसीयू सुरक्षा बनाए रखने में घोर लापरवाही बरती गई है जिससे चूहों के काटने से नवजात शिशुओं का द्वितीयक संक्रमण के संपर्क में आना जानलेवा साबित हुआ है।

बाल स्वास्थ्य और मातृ स्वास्थ्य के मुद्दे के मामलों में मध्य प्रदेश के सूचकांक अन्य राज्यों से काफी पीछे है, और यह राष्ट्रीय सूचकांकों में सबसे खराब है।

जन स्वास्थ्य अभियान, मध्य प्रदेश की मांगे =

1. इस घटना मे दो नवजात की दुखद मृत्यु हुई है, सरकार और स्वास्थ्य तंत्र यह सुनिश्चित करे कि आगे इससे ओर कोई मौत न हो और एनआईसीयू में भर्ती अन्य बच्चों की संक्रमण से सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ही अन्य विभागीय कार्यवाही और जाँच की जाए।
2. इस घटना का संज्ञान लें और मामले की गहराई से जाँच करें।
3. मध्य प्रदेश के एमवायएच और अन्य सरकारी अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण प्रक्रियाओं की तथ्य-खोजी जाँच का आदेश दें। हालांकि सरकार ने पहले ही जाँच की घोषणा कर दी है, लेकिन एनसीपीसीआर को विश्वसनीय स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा एक स्वतंत्र जाँच सुनिश्चित करनी चाहिए।
4. शिशु मृत्यु का कारण बनने वाली लापरवाही के लिए अस्पताल अधिकारियों की जवाबदेही तय करें, न कि केवल प्रमुख जिम्मेदार वरिष्ठ कर्मचारियों के निलंबन तक सीमित यह सीमित हो ।
5. राज्य को सभी एनआईसीयू और एसएनसीयू, आईसीयू आदि जैसे समान विभागों में सख्त कीट नियंत्रण और आईपीसी ऑडिट करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दें।
6. सभी बच्चों की मृत्यु का मृत्यु ऑडिट प्रस्तुत किया जाना चाहिए और सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होना चाहिए।
7. प्रभावित परिवारों के लिए मुआवज़ा और पुनर्वास सहायता की सिफारिश करें।

भवदीय

अमूल्य निधि, राजकुमार सिन्हा, सुधा तिवारी, राहुल यादव, विनोद पटेरिया, डॉ जी. डी. वर्मा, वसीम इकबाल

## जिले के से सबसे बड़े विमान उत्सव नगर कांटाफोड़ में बड़े धूमधाम से बनाया

# सुसज्जित हुई कांच जडित विमानो की झांकिया



कांटाफोड़ जितु सिंगी - नगर मे जिले के बड़े आयोजनों में शुमार दो दिवसीय विमान उत्सव डोल ग्यारस पर बुधवार को तेज बारिश के बीच आस्था का सैलाब उमडता दिखाई दिया। चंद्रकेशर नदी तट पेडीघाट से बडघाट तक भगवान गोपाल कृष्ण को श्रृद्धालुओ ने भीगते हुए नौका विहार कराया। इस दौरान बडी संख्या मे श्रृद्धालु इस दृश्य को निहारने के लिए उपस्थित रहे। चंद्रकेशर तट पेडीघाट पर कांच जडित नयनाभिराम विमानो की झांकियो के भक्तो ने दर्शन किए। यहाँ आरती के दौरान बडी संख्या मे श्रृद्धालु मौजूद रहे। अखाडो के कलाकारों द्वारा हेरतअंगेज करतबो की प्रस्तुतिया भी दी गई। कार्यक्रम मे सुरक्षा की दृष्टि से कांटाफोड़ थाने की पुलिस टीम मौजूद थी। विमान उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश होलानी ने बताया कि दो दिवसीय उत्सव में प्रथम दिवस पर भजन डंडा मृदंग व विमान सजावट की प्रतियोगिता होगी जिसमें विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया की माँ चन्द्रकेशर की विशाल चुनरी यात्रा एवं दीप आरती श्रीराम सेवा समिति नजरपुरा मित्र मंडल के सहयोग आयोजित की जाएगी। होलानी ने बताया की द्वितीय दिवस पर क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा के सौजन्य से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# जीरापुर में मनाई डोल ग्यारस... विमान में भ्रमण पर निकाले भगवान , दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु



**शिवम गुप्ता** जीरापुर नगर में बुधवार को शाम 4 बजे जल झूलनी एकादशी पर्व पर धूमधाम से बेवाण निकले। नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डोल ग्यारस पर भगवान भ्रमण पर निकले। बुधवार को श्री कृष्ण को स्नान करवाने के लिए छपिडेम पर ले जाने की परंपरा प्रचलित है। नगर के मंदिरों में विमान चौपड़ा बाजार शहडोल विमान यात्रा के रूप में बैंड बाजे डीजे, मां शारदा कीर्तन मंडली, बजरंग दांगी कीर्तन मंडली, आदि मंडलियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवाय हे। आदि सुंदर भजन गाए गए डोल विमान यात्रा दोपहर 4ञ्00 से प्रारंभ हुई जो बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंद्रर चौराहा, आवास कॉलोनी, हटीला हनुमान मंदिर से होती हुई छपिडेम पर पहुंची। जहां पर भगवान हरि हर मिलन का सुंदर मिलन हुआ जहां पर हरि ने भगवान शंकर से अपनी प्रजा का हाल जाना एवं हिंदू उत्सव समिति द्वारा 30 मंदिर पुजारी का अंग वस्त्र श्रीफल देकर सम्मान किया क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष हेमंत जोशी पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, थाना प्रभारी रवि ठाकुर, भाजपा जिला मंत्री ईश्वर सिंह तोमर, बनकट माहेश्वरी, गिरिराज जुलानिया, सुनील हिंडोनिया, शंभू लाल वर्मा, सीएमओ हरिओम शर्मा,नपा इंजीनियर ब्रजेश उपाध्याय, हिंदू उत्सव समिति सदस्य द्वारा किया गया एवं विमान की पूजा अर्चना की गई सामूहिक रूप से एकत्रित होकर विमान में विराजित भगवान श्री कृष्ण को मंदिर पुजारी द्वारा स्नान करवाया गया तत्पश्चात नए वस्त्र धारण करवाए गए। महा आरती प्रसाद वितरण किया गया। साथ में चल समारोह में जीरापुर पुलिसकर्मी भी चल ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ।

## ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह के 55 वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में युवाओं द्वारा 55 पौधे लगाकर बधाई शुभ कामनाएं दी

**अवधेश पटेल**
**मो न 7898209334**



पवई) पन्ना- ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह जी के 55 वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में पवई विधानसभा के अंतर्गत चोपरा आश्रम मोहन्द्रा के समीप युवाओं द्वारा 55 पौधे लगाकर बधाई शुभ कामनाएं दी जिसमें युवा महेंद्र सिंह पटेल रविन्द्र पटेल कुशवाह युवा समाज के अध्यक्ष कैप्टन जयपाल सिंह और राजाराम पटेल प्रदीप पटेल श्रीराम गुड्डू भैया प्रसेंद्र बीरेंद्र, संतोष कुशवाह और अवधेश राणा और भी सैकड़ों की सख्या मे युवाओं ने किया वृक्षारोपण और बताया कि हमारे समाज के गौरव है जिसमें महेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि हमारे राजनीतिक गुरु है में उन्हीं से सीख कर आगे बढ़ा हु उनके आशीर्वाद से भविष्य मेरा उज्ज्वल होगा बल्कि माननीय सांसद भारत सिंह जी केवल चंबल ही नहीं मध्यप्रदेश के नेता है कुशवाह समाज की शान है रीढ़ की हड्डी है और बताया हमें जन्मदिन में एक पेड़ लगाना चाहिए जो भी हमारे आदर्श है या जो हमारे सम्माननीय है सबके जन्मदिन पर एक एक पेड़ लगे तो प्राकृतिक भी बहुत सुंदर और हरी भरी होगी

# भादवी दशमी पर निकली श्री रामदेव जी की शोभायात्रा



**डेस्क** कुक्षी- भादवी दशमी के शुभ अवसर पर मरुभम्बी समाज के द्वारा कुक्षी नगर में बाबा रामदेव जी का चल समारोह निकाला गया इस चल समारोह में समाज के महिला पुरुष बच्चों ने आनंद में नृत्य की प्रस्तुति दी। बाबा रामदेव का चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गो से निकाल कर समापन स्थल पर पहुंच कर आरती ओर महाप्रसादी का सभी धर्म प्रेमी जनता ने लिया

## कुकड़ेश्वर नगर में सुश्री साक्षी गंगवाल एवं महिला मंडल के द्वारा बड़े हर्ष और उल्लास के साथ भजन कीर्तन सत्संग का आयोजन किया गया



**राजू पटेल** कुकड़ेश्वर- नगर में सहस्त्र मुकेश्वर भोलेनाथ मंदिर परिसर पर 10 दिवसी गणेश उत्सव कार्यक्रम में सुश्री साक्षी गंगवाल एवं महिला मंडल के द्वारा बड़े हर्ष और उल्हास के साथ सत्संग भजन कीर्तन के आयोजन में महिला मंडल की सभी भजन कीर्तन करने वाली महिलाओं ने गणपति महाराज के पंडाल में भजन कीर्तन की शमा बांध दी। 10 दिवसीय कार्यक्रम के एवं भजन कीर्तन सत्संग के मुख्य अतिथि कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी भीम सिंह सिसोदिया पटेल संघ के प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र पटेल मंडल पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल मालवीय महिला जिला अध्यक्ष पूर्व मीना कोचर समाजसेवी सुश्री सोनल जैन सभी अतिथियों ने भोलेनाथ मंदिर परिसर पर रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति महाराज की महा आरती की एवं महिला मंडल के भजन कीर्तन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी भीमसिंह सिसोदिया ने कहा नगर कुकड़ेश्वर में पूरे शहर में गणेश चतुर्थी की धूम मची है। जगह-जगह नगर वासियों के द्वारा और सहस्त्र मुकेश्वर मंदिर परिसर पर बहुत अच्छा संध्या आरती मंडल के कार्यकर्ता के द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। शंकरलाल मालवीय ने बताया ऐसे आयोजन करने से अच्छा लगता है। श्रीमती मीना कोचर ने कहा समिति के आयोजन में हमें जो सम्मान दिया हम उन्हें सदैव याद रखेंगे सुश्री सोनल जैन ने कहा हम बड़े भाग्यवान है आज हमें इस सत्संग में एवं गणपति महाराज की आरती में हमें बुलाया हम आयोजन करने वाले का धन्यवाद प्रेषित करते हैं राजेंद्र पटेल ने समिति के संध्या आरती मंडल के शुभम भांनपिया जीनु दलावरिया राहुल मेघवाल कैलाश गोस्वामी सभी आयोजनों को हृदय से धन्यवाद के साथ उनका आभार माना कार्यक्रम में महिला मंडल की प्रमुख कमलाबाई माली का एवं उनके साथ ढोलक वादक इलू नाथ योगी एवं महिला मंडल की प्रसिद्ध गायिका सुश्री साक्षी गंगवाल का दुपट्टा भेट करके स्वागत अभिनंदन किया। महिलाओं का आयोजन समिति के द्वारा वहां पर राजेंद्र पटेल ने सभी महिलाओं का दुपट्टा भेट करके सभी का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजू पटेल ने किया आभार गोस्वामी ने माना।

# प्रातं 6... बजे मंगला आरती के साथ प्रारंभ हुआ चारभुजा धाम बड़ी खट्टाली में चारभुजा महोत्सव



**मुकेश राठौड** बड़ी खट्टाली - चारभुजा धाम बड़ी खट्टाली में इस बार ऐतिहासिक ढोल ग्यारस महोत्सव आयोजित हुआ। 03 सितंबर बुधवार को महोत्सव बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। सबसे पहले चारभुजा नाथ जी के भक्तों ने नगर के प्रमुख मार्गो भजन करते हुए में प्रभात फेरी निकालकर चारभुजा मंदिर में आकर प्रात: 6:00 बजे मंगला आरती की जिसके बाद 9 बजे भगवान का अदभुत श्रृंगार करके भगवान की श्रंगार आरती की उसके पश्चात आस पास के क्षेत्र से पदयात्रियों का चारभुजा धाम की गलियों में नाचते गाते प्रवेश होने लगा फिर सभी सनातनी श्रद्वालु की उपस्थिति में भगवान चारभुजा नाथ जी का 11.30 बजे ध्वजारोहण 11 बन्दूको की सलामी के साथ सम्पन्न हुआ ध्वजारोहण के बाद भगवान चारभुजा नाथ जी को फलाहारी राजभोग का भोग लगाकर ठीक 12 बजे राजभोग आरती होई उसके पश्चात भगवान चारभुजा नाथ जी के दरबार श्रद्धालो की भीड़ उमड़ती रही ओर श्रद्धालु भगवान के भजन नाचते गाते हुए भगवान का भाव समर्पण करते रहे इसी कड़ी में चारभुजा नाथ जी के दर्शन करने मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान रतलाम झाबुआ अलीराजपुर क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद श्रीमति अनीता नागर सिंह चौहान भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष (मक्कूसेठ) परवाल जोबट विधान सभा की विधायिका श्रीमती सेना महेश पटेल पूर्व विधायक माधोसिंह डावर अलीराजपुर के पूर्व विधायक मुकेश पटेल अलीराजपुर के समाजसेवक मिश्रीलाल राठौड़ अलीराजपुर के विद्यायक प्रतिनिधि रिकेश तवर अलीराजपुर जोबट नानपुर आम्बुआ से अनेक सामाजिक कार्यकर्ता दर्शन करने आए देखते ही देखते ही श्रद्धालु की भीड उमड़ पड़ी भगवान की उत्थान आरती की और फिर जुलूस की तैयारी करते हुए घोड़े ओर रथ में बैठने की होड लगी तब चारभुजा महोत्सव समिति ने घोड़े और रथ में बैठने की बोली लगाई घोड़े में बैठने की अधिकतम बोली खट्टाली ग्राम के सरपंच चेनसिंह डावर एवं खट्टाली राठौड़ समाज के मुकेश राठौड़ को बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । रथ पर समिति के ही मदन लाल लड्ढा श्यामसुंदर जी परवाल विराजमान हुए भगवान चारभुजा नाथ जी डोला चारभुजा प्रांगण से डोल नगाड़े बैंड बाजे डी जे के साथ प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए महाकाल मंदिर तक पहुंचा वह से वापस मुख्य मार्ग से होते हुए हथनी नदी पर पहुंच कर भगवान चारभुजा नाथ जी का जलाभिषेक किया फिर भगवान चारभुजा नाथ जी नदी तट पर भव्य महा आरती की उसके पश्चात प्रसादी वितरण किया उसके पश्चात भगवान का डोला चारभुजा प्रांगण में फिर नगर भ्रमण करते हुए पहुंचा इसके बाद भगवान चारभुजा नाथ जी की महा आरती होई और महाप्रसादी का वितरण हुआ चारभुजा मंदिर प्रांगण में संगीतमय भजन संध्या का कार्यक्रम हरि सत्संग समिति द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम को सुचारु रुप संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भमोरी नदी में भगवान नृसिंह की पाषाण प्रतिमा दो बार तैरी

### नरसिंह घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब





**राजेंद्र योगी ( इंदौर फास्ट )** हाटपिपलिया नगर के प्राचीन सुप्रसिद्ध भगवान नृसिंह की साढे सात,किलो वजनी चमत्कारी पाषाण प्रतिमा, प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी, भमोरी नदी में मंदिर के सेवादार पुजारी मोहनदास वैष्णव द्वारा हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष तीन बार पाषाण प्रतिमा तेराई गई। प्रथम बार मूर्ति अच्छी तरह तैरी, द्वितीय बार थोड़ी देर तक, एवं तीसरी बार में पाषाण प्रतिमा नदी के पानी में डूब गई। इस चमत्कारी पाषाण प्रतिमा को दूर दराज के क्षेत्रों से एवं आसपास के उपस्थित हजारों लोगों ने भगवान नृसिंह की प्रतिमा को तैरते हुए देखा। तीन बार मूर्ति को तेराऐ जाने पर उपस्थित श्रद्धालुओं के जयकारों से आसमान गूंजायमान हो उठा। दो बार तैरने पर लोगों की धारणा है कि वर्ष में 8 महीने सुख समृद्धि वाले रहेंगे।

भगवान नृसिंह की पाषाण प्रतिमा तेराई जाने से पहले मंदिर से दोपहर 3 बजे नगर के सभी मंदिरों के डाल एकत्रित होकर चल समारोह में गाजे बाजे के साथ श्री रामव्यायाम शाला बजरंग व्यायामशाला एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा अपने-अपने अखाड़े के कलाकारों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाये। नगर परिषद ने हजारों श्रद्धालुओं की बैठने की पानी की व्यवस्था की। पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग ,सहित आदि अधिकारियों द्वारा नर्सिंग घाट पर व्यवस्था की गई। इस अवसर पर एसडीम शिवम यादव बागली, एसडीओपी सृष्टि भार्गव, सोनम भगत तहसीलदार, क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि सहित नगर परिषद अध्यक्ष चंद्रकांता अरुण राठौर, उपाध्यक्ष निर्भय सिंह तलैया सीएमओ प्रमिला ठाकुर, थाना प्रभारी दीपक यादव ,पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष अशोक पटेल आदि मौजूद थे। उक्त कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर , व मंदिर समिति की ओर से मनोहर भाटिया किया।, तथा मंदिर समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण द्वारा सभी का आभार माना।

# सिंगोली में जलझूलनी एकादशी पर ठाकुर जी निकले नगर भ्रमण पर

***बेण्डबाजो ,ढोल, से निकली शोभायात्रा***

***जगह जगह भक्तों द्वारा की गई पुजा अर्चना***

***महेंद्र सिंह राठौड़*** *सिंगोली- भाद्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को परिवर्तिनी, पद्मा ,डोल ग्यारस या जलझूलनी एकादशी कहा जाता है।भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी से योग निद्रा में चले जाते हैं और भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन वे अपनी शेषशैय्या पर करवट बदलते हैं। सनातन धर्म में एकादशी तिथि का बहुत महत्व है। परम्परा अनुसार जलझुलनी एकादशी पर नगर सिंगोली स्थित पालीवाल समाज, धाकड़ समाज, गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज,आदी गौड ब्राह्मण समाज,गुर्जर समाज,चारभुजा नाथ मंदिरों से भगवान को बेवाण में विराजमान कर नगर भ्रमण कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पालीवाल समाज मंदिर से 4:30 बजे शुरू हुई बेवाण में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले ठाकुर जी का उनके भक्तो ने जगह जगह पुजा अर्चना कर भक्ति भाव प्रकट कर आर्शिवाद लिया शोभायात्रा धाकड़ समाज,गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज,आदी गौड ब्राह्मण समाज, गुर्जर समाज चारभुजा मंदिर होते हुए निचला बाजार कबुतर खाना होते हुए शाम 7 बजे ब्राह्मणी नदी स्थित बड़ा घाट पहुंची जहां विधि विधान से सनातनी धर्म परम्परा अनुसार पूजा अर्चना कर आरती कर सभी भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी धर्मप्रेमी महिला पुरूषो ने शोभायात्रा में सम्मिलित हो धर्म लाभ लिया!*

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1 l0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - 19 l4826006, 8643056464, 9 1l5154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)